मौसम

तापमान	गाजियाबाद	कानपुर	वाराणसी	झांसी
अधिकतम	28.0	30.0	31.0	32.0
न्यूनतम	11.0	13.0	13.0	11.0

दवाखाने के मालिक की गोली मार कर हत्या

मेरठ,11 फरवरी (जनसत्ता)।

शहर की घनी आबादी वाले थाना लिसाड़ी गेट की घंटे वाली गली के सामने बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने एक मेडिकल स्टोर के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। भाग रहे बदमाशों को जब कुछ लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया, तो वह गोलीबारी करते हुए फरार हो गए। मृतक के पास एक दस साल का बच्चा भी बैठा हुआ था, जो बाल बाल बच गया। एसपी सिटी पीयूष कुमार सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

एसपी सिटी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगो को नामजद करते हुए एक तहरीर दी गई है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

बैंक प्रबंधक का अपहरण करने की कोशिश के आरोप में तीन गिरफ्तार

इटावा, 11 फरवरी (जनसत्ता)।

इटावा में सिविल लाइंन इलाके में डीएम चौराहे के पास से पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक का अपहरण का प्रयास करने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

इटावा के एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने शनिवार को यहां बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अजीत पाल सिंह का अपहरण करने का प्रयास करने वाले दो इनामी बदमाश समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से घटना में इस्तेमाल की हुई सेंट्रो गाड़ी और बैंक प्रबंधक का लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसएसपी वर्मा ने बताया कि थाना सिविल लाइंन क्षेत्र के डीएम चौराहे और अंबेडकर चौराहे के बीच 23 जनवरी की रात को पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक अजीत प्रताप सिंह पैदल अपने घर जा रहे थे तभी कार सवार अज्ञात बदमाशों ने अपहरण करने का प्रयास किया और अपहरण में असफल होने पर कार सवार बदमाश बैंक प्रबंधक का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैंक प्रबंधक का अपहरण का प्रयास करने वाले अज्ञात बदमाशो की तलाश शुरु कर दी और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी को खंगालने के बाद मिले सुराग के बाद पुलिस ने बदमाशों को चिह्नित कर रेलवे माल गोदाम के पास से गिरफ्तार किया है।

ट्रक ने घोड़ा बग्गी को टक्कर मारी, तीन लोगों की मौत

मेरठ,11 फरवरी (जनसत्ता)।

दौराला-मसूरी लावड़ मार्ग पर गांव खरदौनी में शनिवार को ट्रक की चपेट में आने से विवाह समारोह से लौट रही घोड़ा बग्गी में सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोगो की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल है। इस हादसे में बग्गी का घोड़ा भी मारा गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजन व लोगो ने सड़क जाम कर दी। एसपी देहात अनिरुद्ध सिंह ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे सीताराम पांच लोगो के साथ परीक्षितगढ़ से शादी की चढ़त कराने के बाद घोड़ा-बग्गी से अपने घर लावड़ की ओर लौट रहे थे। तभी लावड़ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक ने बग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें सवार सीताराम व लावड़ कस्बे के ही तौफीक व गोल्टू उर्फ अहजाज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नवेद पुत्र व रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद ट्रक ने भूसे से लदे ट्रैक्टर-ट्राली में भी जोरदार टक्कर मारी।

घटना के बाद चालक ट्रक को लेकर एक खेत में घुस गया, जहां ट्रक को वही छोड़ मौके से फरार हो गया। इस मामले में सीताराम के बेटे प्रदीप ने पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कराया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक्सिस बैंक कब्जे की नोटिस

रिटेल एसेट्स सेंटरः प्रथम तल, जी-4/5 बी सेंटर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ- 226010
रजिस्टर्ड ऑफिसः (त्रिशूल), तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, न सिक्योरिटाइजशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने करने में असफल रहे है, अतः उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा एक्सिस बैंक लि0 के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुशंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

खातेदार/गारन्टरों का नाम एवं पता	सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस के अनु सार बकाया राशि	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
ऋणी- मैसर्स जायसवाल ट्रेडिंग कम्पनी, पता-सी/ओ मेहैया पीठी चौराहा भीखूपुर सुल्तानपुर उ.प्र. 228142, प्रोप0-(राजेन्द्र प्रसाद) **सह-ऋणी-** राजेन्द्र प्रसाद पुत्र घिर्रे, पता-महैया पीठी चौराहा भीखूपुर सुल्तानपुर, उ.प्र. 228142., **गारंटर-** गायत्री पत्नी राजेंद्र प्रसाद, पता-बिलगारा महैया पीठी चौराहा भीखूपुर सुल्तानपुर उ.प्र. 228142	आवासीय सम्पत्ति एरिया-187.90 वर्ग मी, स्थित आवासीय भवन प्लॉट नं0-520, मेहैया परगना बरौसा तहसील जयसिंहपुर सुल्तानपुर उ.प्र. 228142., **चौहद्दीः**-पूर्व - अकबरपुर रोड, पश्चिम-श्री राम उजागीर का मकान, उत्तर-श्री सुखाई एवं रामसुमेर का मकान, दक्षिण- हरिराम एवं बुच्चुन की रिक्त भूमि	**ओडीएवीपी रू0 49,23,055 एलएनएईएल रू0 4,92,868.50** दि. 13.07.2022 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे	13.07.2022	08.02.2023

दिनांकः 12.02.2023 प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि0

सूरज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
सीआईएनः L26943HP1992PLC016791
पंजीकृत कार्यालयः भूखंड संख्या 2, फेज ।।।, संसारपुर टेरेस, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-173212
निगमित कार्यालयः एफ-32/3, द्वितीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-।।, नई दिल्ली-110020
वेबसाइटः www.surajindustries.org, ईमेल आईडीः secretarial@surajindustries.org
31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के
अलेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(लाख में)

क्र. सं.	विवरण	एकल					समेकित		
		समाप्त तिमाही 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त नौ माह 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2022 (लेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित)	समाप्त नौ माह 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित)
1	परिचालनों से कुल आय (निवल)	1795.61	1224.93	1181.55	3978.27	4128.49	1795.61	1181.55	3978.27
2	साधारण गतिविधियों से लाभ/(हानि) (कर, आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	182.79	135.57	175.69	531.62	412.43	182.79	175.69	531.62
3	कर पूर्व लाभ/(हानि) (आपवादिक एवं/अथवा असाधारण मदों तथा एसोसिएट के लाभ के उपरांत)	182.79	135.57	175.69	531.62	412.43	213.28	209.12	595.55
4	कर उपरांत अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि)	126.93	135.57	131.27	387.77	306.97	157.42	164.71	451.7
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय	126.93	135.57	131.27	387.77	304.74	157.42	164.71	451.7
6	समता अंश पूंजी (रु. 10/- प्रत्येक का अंकित मूल्य)	1229.42	954.2	1229.42	1229.42	954.2	1229.42	1229.42	1229.42
7	आरक्षित (पूर्ववर्ती लेखांकन वर्ष के तुलन-पत्र के अनुसार पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर)	0	0	0	0	0	0	0	0
8	आय प्रति अंश (रु. 10/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) असाधारण मदों से पूर्व एवं उपरांत - मूल एवं तरलीकृत (*) अवार्षिकीकृत	*1.03 *0.99	*1.42 *1.42	*1.14 *1.09	*3.40 *3.24	3.43 3.43	*1.28 *1.23	*1.44 *1.37	*3.96 *3.78

टिप्पणियां:

1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षण समिति द्वारा 10.02.2023 को आयोजित अपनी बैठक में की गई थी तथा बाद में निदेशक मंडल द्वारा 10.02.2023 को आयोजित अपनी बैठक में इनका अनुमोदन किया गया।
2. इन परिणामों को, कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत निर्गत प्रासंगिक नियमावली के साथ पठित धारा 133 के अंतर्गत निर्धारितानुसार भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किया गया है।
3. कंपनी के दो व्यवसाय खण्डवार हैं- क) लिकर ऑपरेशन्स, ख) ट्रेडिंग ऑपरेशन्स। खण्डवार प्रतिवेदनीकरण तद्नुसार किया जा रहा है।
4. दिनांक 30.06.2022 को समाप्त तिमाही की समयावधि में कंपनी ने मैसर्स कार्या केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स प्रा. लि. (कार्या) के 198,00,000 समता अंश अधिग्रहीत किए हैं, जो कार्या की 62.06: प्रदत्त अंश पूंजी संगठित करता है। इस के आधार पर, कार्या जो है वह सूरज इंडस्ट्रीज लि. की एक सहायक कंपनी बन चुकी है। इसके बाद, 30.09.2022 को समाप्त तिमाही की समयावधि में कंपनी ने मैसर्स श्री गंग इंडस्ट्रीज एंड अलाइड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (श्री गंग) के 36,00,000 समता अंश अधिग्रहीत किये, जो श्री गंग की 20.08% प्रदत्त अंश पूंजी संगठित करता है। इस के आधार पर, श्री गंगा जो है वह सूरज इंडस्ट्रीज लि. की एक सहायक कंपनी बन चुकी है। तद्नुसार ही 30.06.2022, 30.09.2022 एवं 31.12.2022 को समाप्त तिमाही के समेकित वित्तीय परिणाम तैयार किए गए हैं। अतः यहां 31.03.2022 को समाप्त वर्ष, 31.12.2021 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु परिसंपत्तियों एवं देनदारियों का कोयी भी समेकित वित्तीय परिणाम एवं विवरण नहीं है।
5. पूर्ववर्ती वर्षो के आंकड़ों को विद्यमान अवधि के अनुसार तुलनायोग्य बनाने के लिये पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सूरज इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
सूरज प्रकाश गुप्ता
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10-02-2023

पशुवध व अवैध खनन रोकने में नाकाम रहे पुलिसवालों पर कार्रवाई

बरेली, 11 फरवरी (जनसत्ता)।

पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया ने गोवंशीय पशुवध की घटनाओं को रोकने में नाकाम रहे थाना बिथरी चैनपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार और हाफिजगंज थाने की रिठौरा चौकी के प्रभारी निरीक्षक सचिन शर्मा को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा अवैध खनन की घटनाओं को रोकने में नाकामी के आरोप में सीबीगंज थाना प्रभारी सतीश कुमार को लाइन हाजिर किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना हाफिजगंज के तहत रिठौरा पुलिस चौकी क्षेत्र में बहगुल नदी के पास शनिवार को सुबह के समय गोवंशीय पशुओ के अवशेष पड़े मिले थे। इससे भड़के हिन्दू संगठन नेताओं ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाए कि पुलिस लापरवाही की वजह से गोवंशीय पशुओं के वध की घटनाएं थमने का नाम नही ले रही है। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोवंशीय पशुओं के अवशेष हटवाकर उनको जमीन में दबवा दिया।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी तरह थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के चंदपुर गांव में गोवंशीय पशुओं को अवशेष मिलने पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस पर गोवंशीय पशुवध की घटनाओं को रोकने की नाकामी के आरोप लगाए है। इसी थाना क्षेत्र में पहले भी गोवध की कई घटनाएं हो चुकी है। गोवंशीय पशुओं के वध की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने छह दिन पहले पांच फरवरी को अभियान चलाकर इस तरह की घटनाओं में लिप्त जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 120 आरोपियों को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया था।

FEDERAL BANK
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
Regd. Office: Alwaye, Kerala

शाखाः प्रयागराज
23, एन पी ए आरकेड,
एम जी मार्ग प्रयागराज-211001

स्वर्ण की प्राइवेट बिक्री हेतु सूचना

एतद्द्वारा समस्त संबंधित जन की जानकारी हेतू सूचना दी जाती है कि बैंक की अधोवर्णित शाखा में निम्नलिखित स्वर्ण ऋण खाते में बंधक रखे गए स्वर्ण आभूषण, जो विमोचन के लिए अतिदेय है तथा बार-बार सूचनाओं के बावजूद नियमित नहीं किये गए है, शाखा में दिनांक **27.02.2023** को या उसके बाद कभी भी बिक्री हेतू रखे जाएंगे।

शाखा / स्थानः	नाम	खाता संख्या
फेडरल बैंक लिमिटेड प्रयागराज शाखा, 23, एन पी ए आरकेड, एम जी मार्ग प्रयागराज-211001 फौनः **0532-2560199** ईमेलः **abd@federalbank.co.in**	चन्द्रमणि द्विवेदी	13926100021634
	विजय शुक्ला	13926400001104
	नितेष बिजलानी	13926100023812
	नितेष बिजलानी	13926100022996
	मोनू वैश्य	13926100022228

स्थानः प्रयागराज
दिनांकः 11.02.2023

शाखा प्रबधक,
द फेडरल बैंक लि.

KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED
CIN : L24241UP1981PLC005282 ; Regd. Office: 51/47, Naya Ganj, Kanpur- 208 001

EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2022 (Rs./ Lacs)

Sl. No.	Particulars	3 Months Ended 31.12.2022 Unaudited	Nine Months Ended 31.12.2022 Unaudited	Corresponding 3 Months Ended 31.12.2021 Unaudited
1.	Total income from operations	-	-	-
2.	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	4.92	20.66	(17.07)
3.	Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	4.92	20.66	(17.07)
4.	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	4.92	20.66	(17.07)
5.	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	4.92	20.66	(17.07)
6.	Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share)	85.01	85.01	85.01
7.	Reserves (excluding Revaluation Reserve)			
8.	Basic & Diluted Earnings per share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinuing operations) (Not Annualised) (in Rs.)	- 0.58	- 2.43	- (2.01)

Notes: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com

For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance) & CFO
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 11.02.2023

PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING
आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात 362266
शाखा कार्यालयः आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 1 पहली मंजिल, ऑर्बिट अपार्टमेंट, कल्याण ज्वेलर्स के ऊपर वीआईपी रोड जीरकपुर, पंजाब- 140603,
1. **एबीएचएफएल :** प्राधिकृत अधिकारी श्री विकास अरोड़ा; संपर्क नं. 9878177000, श्री रोहित सैनीः संपर्क नं. 9996229751 और, चिराग लोखंडे संपर्क नंबरः 919773758208,
2. नीलामी सेवा प्रदाता (एएसपी) मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड-ऑक्शन टाइगर, श्री राम शर्मा, संपर्क नंबर. +91 8000023297

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एवं गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई हैं, जिसका कब्जा आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। इसको उधारकर्ताओं **अर्थात् पूनम श्याम लाल और अमृत पाल सिंह** से आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर को देय राशि दिनांक 04-05-2021 के अनुसार रु. 9,84,591.13/- (रुपये नौ लाख चौरासी हजार पांच सौ इक्यानवे और तेरह पैसा मात्र) और वसूली की तारीख तक आगे का ब्याज और अन्य खर्च की वसूली के लिए की वसूली के लिए **09.03.2023 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो भी है" और "जो कुछ भी है"** पर बेचा जाएगा।

आरक्षित मूल्य रू. 10,01,796 (केवल दस लाख एक हजार सात सौ छियानवे रुपये) और अग्रिम धन जमा (ईएमडी) रु. 1,00,179.55/- (एक लाख एक सौ उन्न्यासी और पचपन पैसे मात्र) होगा। होगी। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 07-03-2023 है। उक्त संपत्ति के निरीक्षण की तिथि दिनांक 06-03-2023 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे के बीच निर्धारित की गई है।

अचल संपत्ति का विवरण

कोठी नं. 83, हदबस्त नं. 27, खेवट नं. 28, खतौनी नं. 33, खसरा नं. 74//10, 14/1, खेवट नं. 132, खतौनी नं. 138, खसरा नंबर 74//8, 9, खतौनी नंबर 139, खसरा नंबर 74//7/2, 75//15/2, खेवात नंबर 580, खतौनी नंबर 641, खसरा नंबर 38// 24/17, खतौनी नंबर 642, खसरा नंबर 74//7/1, 75//6/1, 15/1, डिफेंस एन्क्लेव, गांव बोह. अंबाला अंबाला जीपीओ, अंबाला , हरियाणा -133001 स्थित सम्पत्ति के सभी टुकड़े और अंश।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट **https://homefinance.adityabirlacapital.com/properties-for-auction-under-sarfaesi-act** या **https://sarfaesi.auctiontiger.net** में दिए गए लिंक को देखें।

दिनांकः 12.02.2023
स्ताहनः अंबाला

प्राधिकृत अधिकारी,
आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सूचना पट्ट

संयुक्त सहयोगी दैनिकी नियुक्तियां, समारोह, सम्मान

पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम युवा महोत्सव के लिए काशी रवाना

जौनपुर. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग के लिए गुरुवार शाम को टीम प्रबंधक डॉ. विनय वर्मा और ज्योति सिंह के नेतृत्व में रवाना हुई। कुलपति निर्मला एस मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार और वित्त नियंत्रक संजय राय ने हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने शुभकामना व्यक्त की और कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसी मुझे उम्मीद है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में आयोजित अंतर विश्विद्यालयीय युवा महोत्सव उमंग में विश्वविद्यालय की टीम विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता,काव्य पाठ,समूह गायन,सामूहिक नृत्य, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली जैसे प्रतियोगिता में भाग लेगी। विश्वविद्यालय की टीम में 20 प्रतिभागी है।. इस अवसर पर समन्वयक सांस्कृतिक परिषद डॉ मनोज मिश्र, डॉ अमरेंद्र सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

निदेशक (परियोजना) एनटीपीसी लिमिटेड एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना का किया निरीक्षण

निदेशक (परियोजना) एनटीपीसी लिमिटेड उज्जवल कांति भट्टाचार्य एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना ने राष्ट्र की विशालतम विद्युत उत्पादन परियोजना एनटीपीसी-विंध्याचल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उज्जवल कांति भट्टाचार्य एवं प्रवीण सक्सेना ने अपने निरीक्षण के दौरान परियोजना के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस लेक पार्क फ्लावर शो ऊर्जा नायक द्वार, एफजीडी कॉमन फैसिलिटी 3 एंड 4, एफजीडी यूनिट 12 एवं सीटीएम एरिया का दौरा किया तथा परियोजना के कार्यों से संबन्धित प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिया कि एनटीपीसी विंध्याचल राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र होने के नाते कार्य को उच्च गुणवत्ता, सुरक्षा तथा निपुणता के साथ निष्पादन करें। भ्रमण के दौरान कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) सुभाष चन्द्र नायक, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ई सत्य फनी कुमार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) जे के सेन गुप्ता, महाप्रबंधक(परियोजना) दिनेश कुमार वशिष्ठ, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार बिस्वास के अतिरिक्त परियोजना के अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम निदेशक(परियोजना) एनटीपीसी लिमिटेड उज्जवल कांति भट्टाचार्य, वरिष्ठ सदस्या सयुंक्ता महिला समिति अमिता भट्टाचार्य, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा उत्तरा महिला समिति नीलम सक्सेना द्वारा नगर अनुरक्षण के सहयोग से एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस लेक पार्क मैं आयोजित पुष्प, फल एवं सब्जी प्रदर्शनी का उदघाटन फीता काटकर कर किया गया।

उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जौनपुर के छात्रों, कर्मचारियों को दी गई फाइलेरिया की दवा

लोगों को फाइलेरिया से बचाने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने डॉक्टरों को दवा खिलाकर अभियान शुरू कराया। एमबीबीएस प्रथम वर्ष की कक्षा में पहुंचकर रोगियों व अन्य लोगों को दवा खिलाई। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि इस दवा के सेवन से शरीर में फाइलेरिया के परजीवी नष्ट हो जाते हैं। इसका सेवन 25 लाख लोगों को कराना है। गर्भवती महिलाओं, बीमार लोगों के साथ ही दो साल से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खानी है। शेष सभी लोगों को यह दवा खानी है। इस दवा के सेवन से फाइलेरिया होने की उम्मीद बहुत कम हो जाती है।प्रधानाचार्य के नेतृत्व में टीम ने मेडीकल कॉलेज के ओपीडी वार्डों में पहुंचकर लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाई। लोगों को इस दवा के लाभ के बारे में भी बताया। इसके साथ ही पीएचसी करंजाकला पर भी आए लोगों को भी फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।अभियान में दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी व एलबेंडाजॉल की एक-एक गोली खिलाई गई। डॉक्टर सच्चिदानंद ने बताया कि छह से 14 वर्ष के बच्चों को डीईसी की दो और एलबेंडाजॉल की एक गोली खिलाई जाएगी। 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन व एलबेंडाजॉल की एक गोली एक साथ खिलाई गई। लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने में आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम के टीम ने मदद की। इस मौके पर डॉ शशि पांडे, डॉक्टर अरूण यादव, डॉक्टर जसप्रीत कौर, लिपिक सुशील और अन्य लोग मौजूद रहे।

नैनीताल बैंक को मिला आईटी मंत्रालय भारत सरकार का डिजीधन अवार्ड में प्रथम पुरस्कार

नैनीताल बैंक को दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित डिजिटल भुगतान उत्सव कार्यक्रम में डिजीधन अवार्ड 2021-2022 लघु एवं सूक्ष्म बैंक- निजी क्षेत्र की श्रेणी में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि बैंक को यह पुरस्कार लगातार दूसरे वर्ष मिला है। यह पुरस्कार दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी दीपक बिष्ट को प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त होने पर बैंक अपने ग्राहकों, कर्मचारियों एवं अन्य सभी हितधारकों द्वारा बैंक में भरोसा व्यक्त करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है।

पतंजलि योगपीठ में एक दिवसीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

पतंजलि विश्वविद्यालय सभागार में जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, यह आयोजन राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र,गाज़ियाबाद एवं पतंजलि जैविक अनुसन्धान संस्थान, हरिद्वार के सयुंक्त तत्वाधान से हुआ जिसमे हरिद्वार जनपद के विभिन्न गांवों से लगभग 500 किसानो ने भाग लिया। इस अवसर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने अपने संबोधन में बताया की विषमुक्त खेतीजीवन का आधार एवं इससे होने वाले फायदों औए विषमुक्त अनाज की उपयोगिता के महत्व के बारे में बतायाएवं जनपद हरिद्वार एवं राज्य के सभी किसानो के आवाहन किया की वह कम से कम अपने खाने के लिए विषमुक्त खेती करे जिससे की खेती की लागत मेंकम आये एवं जिससे की उनके एवं उनके परिवार पर होने वाले स्वास्थ्य खर्च में कमी आये। डॉ.गगनेश शर्मा, निदेशक, राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र,गाज़ियाबाद ने अपने संबोधन में बताया की जैविक एवंप्राकृतिक खेती करने के साथ साथ किसानो को गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिए जैविक प्रमाणीकरण करवाना भी आवश्यक है जिससे की उन्हें जैविक एवंप्राकृतिक उपज का सही बाजार मूल्य मिल सके। डॉ एम.के. पालीवाल, उप निदेशक, एन.सी.ओ.एन.फ़नेअपने संबोधन में जैविक एवं प्राकृतिक आदानो के महत्व एवं खेती में इनकी उपयोगिता के बारे में बताया स पीजीएस प्रमाणन और विपणन सम्बंधित जैविक खेती पोर्टल की जानकारी डॉ. सचिन वैध, एन.सी.ओ.एन.फ ने किसानो को दी। ए.के. उपाध्यय, संयुक्त निदेशक जैविक उत्तराखंड ने अपने संबोधन में विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी किसानो के साथ सॉझा की। इस अवसर पर सहारनपुर के प्रगतिशील किसान श्री गोपाल शर्मा ने वर्मीकम्पोस्ट एवं जैविक एवंप्राकृतिक उर्वरको के उत्पादन के लिए आस पास की गोशालाओ से लाभ के बारे में बताया स ग्राम स्तर पर एफपीओ/एफपीसी का गठन और मूल्यवर्धन की जानकारी हितेश चौधरी, अमरोहा (उ.प्र.)ने दी एवंउन्होंने अपने संबोधन में पतंजलि कृषक समृद्धि कार्यक्रम के अनुभवों को सॉझा किया एवं महिलाशक्ति से जैविक/प्राकृतिक खेती में आगे आने का आवाहन किया एवं अपनी प्रदर्शनी में अपने एफ.पी.ओ. उत्पादोंको बतायास किसानो से वार्तालाप के क्रम में हरिद्वार के किसान खिलाराम आर्य, जय प्रकाश धीमान, संजय कुमार एवं अनिल पाण्डेय जी ने अपने अनुभव सॉझा किये। डॉ. वी. वाई. देवघरेने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद संबोधन दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदर्शनियाँ भीलगाई गई जिनमे मुख्य रूप से खेत पर तेयार होने वाली प्राकृतिक खादों एवं कीटनाशको की जानकारी तरुण शर्मा ने दी, एवं अन्य प्रदर्शनियों में पतंजलि जैविक संस्थान के जैव-उत्पादो की जानकरी डॉ. आर. के. शुक्ला एवं टीम ने दी, पतंजलि मृदा परिक्षण किट(धरती का डॉक्टर) एवं मृदा परिक्षण मशीन की जानकरी शिवम् कुमार ने दी, पतंजलि समृद्धि कार्ड की जानकरी अन्जय कुमार एवं टीम ने दी, पतंजलि स्टेशनरी की जानकरी पंकज स्वदेशी ने दी। इस कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के शोध छात्र - छात्राओ ने भी प्रतिभाग किया एवं कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आस्था चेनल के माध्यम से किया गया एवं अंत में किसानो को वर्मीकम्पोस्ट भी वितरित किया गया स कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार मुख्य महा प्रबंधक,पतंजलि जैविक अनुसन्धान संस्थान, हरिद्वार द्वारा किया गया स इस अवसर पर पतंजलि आर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट की टीम से दीपक वशिस्ठ, तरुण शर्मा, शुभम पुण्डीर, अर्पण चौहान, आदित्य राणा, पियूष त्यागी, अपूर्वा तिवारी एवं नीमा सिंह भी उपस्थित थे जिन्होंने कार्यकर्म के संचालन में अपना योगदान दिया।

आयोजन, घोषणा, शुरूआत, सीएसआर पहल, नियुक्तियां, समारोह